# Bihar State Power (Holding) Company Limited

# बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड

| | |
|---|---|
| Test Date | 25/06/2025 |
| Test Time | 4:00 PM - 5:30 PM |
| Subject | Correspondence Clerk and Store Assistant |

Section : **General Knowledge**

| | |
|---|---|
| Q.1 | भारत में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम किस वर्ष लागू किया गया था? |
| Ans | ✔ 1. 1972 |
| | ✘ 2. 1948 |
| | ✘ 3. 1966 |
| | ✘ 4. 1953 |

| | |
|---|---|
| Q.2 | दलितों के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए बी.आर. अंबेडकर ने निम्नलिखित में से किस संगठन की स्थापना की थी? |
| Ans | ✘ 1. बौद्ध समाज |
| | ✔ 2. अनुसूचित जाति महासंघ |
| | ✘ 3. ब्रह्म समाज |
| | ✘ 4. आर्य समाज |

| | |
|---|---|
| Q.3 | झीलों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?<br><br>1. झील ताजी, खारी या लवणीय (fresh, brackish or saltish) हो सकती है।<br>2. भारत में झीलें केवल निम्न-ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पाई जाती हैं।<br>3. वुलर झील, कश्मीर घाटी की सबसे बड़ी झील है। |
| Ans | ✘ 1. केवल 2 और 3 |
| | ✘ 2. केवल 1 |
| | ✘ 3. केवल 2 |
| | ✔ 4. केवल 1 और 3 |

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Q.4 | 2024-2025 के लिए यूथ को:लैब नेशनल इनोवेशन चैलेंज (Youth Co:Lab National Innovation Challenge) के 7वें संस्करण का अनावरण किसने किया? |
| Ans | ✗ 1. वित्त मंत्रालय और सिटी फाउंडेशन |
| | ✗ 2. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय |
| | ✓ 3. अटल इनोवेशन मिशन (AIM), नीति आयोग और UNDP |
| | ✗ 4. शिक्षा मंत्रालय और UNDP |

| | |
|---|---|
| Q.5 | 'भूमि उपयोग सांख्यिकी पर एक नज़र: 2022-23' रिपोर्ट के अनुसार, शुद्ध सिंचित क्षेत्र में शुद्ध बोए गए क्षेत्र का हिस्सा किस राज्य के लिए अधिकतम है? |
| Ans | ✓ 1. पंजाब |
| | ✗ 2. हिमाचल प्रदेश |
| | ✗ 3. केरल |
| | ✗ 4. राजस्थान |

| | |
|---|---|
| Q.6 | भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124(2) के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कौन उत्तरदायी है? |
| Ans | ✗ 1. भारत के कानून मंत्री |
| | ✗ 2. भारत के मुख्य न्यायाधीश |
| | ✓ 3. भारत के राष्ट्रपति |
| | ✗ 4. भारत के प्रधान मंत्री |

| | |
|---|---|
| Q.7 | धन या वित्तीय विधेयक के अतिरिक्त कोई भी विधेयक संसद के किसी भी सदन में प्रस्तुत किया जा सकता है और राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए भेजे जाने से पूर्व उसे दोनों सदनों में पारित होना आवश्यक है। कोई विधेयक या तो ________ द्वारा या किसी गैर-सरकारी सदस्य द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है। |
| Ans | ✓ 1. मंत्री |
| | ✗ 2. लोकसभा उपाध्यक्ष |
| | ✗ 3. मुख्य न्यायाधीश |
| | ✗ 4. भारत के महान्यायवादी |

| | |
|---|---|
| Q.8 | निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय राज्य, 2024 स्थानीय शासन प्रदर्शन सूचकांक (2024 Local Governance Performance Index) में शीर्ष पर रहा, जो विकेंद्रीकृत विकास और शासन दक्षता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है? |
| Ans | ✗ 1. महाराष्ट्र |
| | ✗ 2. केरल |
| | ✓ 3. कर्नाटक |
| | ✗ 4. तमिलनाडु |

| | |
|---|---|
| Q.9 | सितंबर 2024 में, निम्नलिखित में से कौन-सा देश आधिकारिक तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व वाले समूह, मिनरल्स सिक्योरिटी फाइनेंस नेटवर्क (Minerals Security Finance Network) का हिस्सा बन गया है? |
| Ans | ✗ 1. चीन |
| | ✓ 2. भारत |
| | ✗ 3. स्पेन |
| | ✗ 4. ग्रीस |

| | |
|---|---|
| Q.10 | T20 विश्व कप 2024, ________ में आयोजित किया गया था। |
| Ans | ✗ 1. इंग्लैंड और न्यूजीलैंड |
| | ✓ 2. USA और वेस्ट इंडीज |
| | ✗ 3. भारत और श्रीलंका |
| | ✗ 4. पाकिस्तान और बांग्लादेश |

| | |
|---|---|
| Q.11 | झाँसी की रानी की मृत्यु अंग्रेजों के साथ युद्ध में किस वर्ष हुई थी? |
| Ans | ✓ 1. 1858 |
| | ✗ 2. 1867 |
| | ✗ 3. 1859 |
| | ✗ 4. 1862 |

| | |
|---|---|
| Q.12 | 'द मिरैकल मेकर्स : इंडियन क्रिकेट्स ग्रेटेस्ट एपिक' पुस्तक के लेखक निम्नलिखित में से कौन हैं? |
| Ans | ✗ 1. बोरिया मजूमदार और नलिन मेहता |
| | ✓ 2. भारत सुंदरेसन और गौरव जोशी |
| | ✗ 3. पॉल अरुण |
| | ✗ 4. रोनोजॉय सेन |

| Q.13 | मार्च 2024 में, अनुचित कंटेंट दिखाने वाली स्ट्रीमिंग सेवाओं पर एक बड़ी कार्रवाई के तहत, भारत सरकार ने बार-बार चेतावनी के बावजूद 'अश्लील, अभद्र और यहां तक कि पॉर्नोग्राफिक' कंटेंट की होस्टिंग के लिए ________ 'ओवर-द-टॉप' (OTT) प्लेटफार्मों पर प्रतिबंध लगा दिया। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 10 |
| | ✓ 2. 18 |
| | ✗ 3. 22 |
| | ✗ 4. 12 |

| Q.14 | जम्मू और कश्मीर निम्नलिखित में से किस खनिज का एकमात्र उत्पादक है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. बाक्साइट |
| | ✗ 2. चूना पत्थर |
| | ✓ 3. नीलम |
| | ✗ 4. तांबा |

| Q.15 | पलयागसलाई मुदुकुदुमी पेरुवलुडी (Palyagasalai Mudukudumi Peruvaludi) निम्नलिखित में से किस राजवंश का शासक था? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. पांड्य |
| | ✗ 2. राष्ट्रकुट |
| | ✗ 3. सातवाहन |
| | ✗ 4. पल्लव |

| Q.16 | भारतीय संविधान का कौन-सा भाग, चुनावों से संबंधित है? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. भाग 15 |
| | ✗ 2. भाग 17 |
| | ✗ 3. भाग 16 |
| | ✗ 4. भाग 18 |

| Q.17 | भारत में बारूद और तोपखाने का प्रयोग सर्वप्रथम किस मुगल सम्राट ने किया था? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. बाबर |
| | ✗ 2. अकबर |
| | ✗ 3. हुमायूं |
| | ✗ 4. जहांगीर |

| | |
|---|---|
| Q.18 | भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में किस धर्म की शहरी जनसंख्या सबसे अधिक है? |
| Ans | ✔ 1. जैन धर्म |
| | ✗ 2. ईसाई धर्म |
| | ✗ 3. सिख धर्म |
| | ✗ 4. इस्लाम धर्म |

| | |
|---|---|
| Q.19 | मुस्लिम लीग की स्थापना के समय इसका प्राथमिक उद्देश्य क्या था? |
| Ans | ✗ 1. मुसलमानों के लिए एक अलग राज्य बनाना |
| | ✔ 2. भारतीय मुसलमानों के अधिकारों की रक्षा करना |
| | ✗ 3. हिंदू-मुस्लिम एकता को बढ़ावा देना |
| | ✗ 4. ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता की मांग करना |

| | |
|---|---|
| Q.20 | दिए गए युग्मों में से सुमेलित युग्मों का चयन कीजिए।<br><br>1. लोकसभा की प्रथम महिला अध्यक्ष : मीरा कुमार<br>2. भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति : प्रतिभा पाटिल<br>3. भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री : इंदिरा गांधी |
| Ans | ✔ 1. 1, 2 और 3 |
| | ✗ 2. केवल 1 और 2 |
| | ✗ 3. केवल 3 |
| | ✗ 4. केवल 2 और 3 |

Section : **Logical Reasoning**

| | |
|---|---|
| Q.21 | यदि शब्द 'STUMPED' के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में दाईं ओर से तीसरा होगा? |
| Ans | ✗ 1. F |
| | ✗ 2. N |
| | ✗ 3. U |
| | ✔ 4. Q |

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Q.22 | यदि संख्या 3457816 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 3 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे? |
| Ans | ✔ 1. दो |
| | ✘ 2. तीन |
| | ✘ 3. एक भी नहीं |
| | ✘ 4. एक |






| | |
|---|---|
| Q.23 | शब्द TECHNICAL में प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर नए बने अक्षरों के समूह में दाएं से चौथा होगा? |
| Ans | ✔ 1. J |
| | ✘ 2. F |
| | ✘ 3. B |
| | ✘ 4. K |

| | |
|---|---|
| Q.24 | शब्द FABRICATION में प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उससे पहले आने वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर इस प्रकार बने अक्षर-समूह में ठीक तीन बार आएगा? |
| Ans | ✔ 1. G |
| | ✘ 2. M |
| | ✘ 3. Y |
| | ✘ 4. D |

| | |
|---|---|
| Q.25 | यदि संख्या 9735642 में प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए और प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से तीसरे और दाएं से तीसरे अंकों का योग क्या होगा? |
| Ans | ✘ 1. 14 |
| | ✔ 2. 10 |
| | ✘ 3. 8 |
| | ✘ 4. 12 |

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Q.26 | एक कागज़ को मोड़कर काटा जाता है जैसा कि नीचे दर्शाया गया है। इस कागज़ को खोलने पर यह कैसा दिखाई देगा?  |
| Ans | 1.  |
| | 2.  |
| | 3.  |
| | 4.  |



| | |
|---|---|
| Q.27 | एक कक्षा के सभी 35 विद्यार्थी उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी रेखा में खड़े हैं। सोहम दाएं छोर से 15वें स्थान पर है, जबकि रिया बाएं छोर से 20वें स्थान पर है। रिया और सोहम के बीच कितने व्यक्ति खड़े हैं? |
| Ans | 1. 1 |
| | 2. 0 |
| | 3. 2 |
| | 4. 3 |

Adda247

| | |
|---|---|
| Q.28 | नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(ओं) के परिणामस्वरूप दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(ओं) के परिणामस्वरूप तीसरी संख्या प्राप्त होती है और यह क्रम इसी प्रकारआगे भी जारी रहता है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न के समुच्चयों में अपनाई गई संक्रियाओं के समान समुच्चय का अनुसरण करता है?<br><br>(नोट: गणितीय संक्रियाएं, संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>17-51-102-117; 19-57-114-129 |
| Ans | ✗ 1. 13-39-78-83 |
| | ✗ 2. 11-33-66-76 |
| | ✓ 3. 15-45-90-105 |
| | ✗ 4. 14-42-84-98 |

| | |
|---|---|
| Q.29 | दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>15, 19, 14, 23, 13, 27, ? |
| Ans | ✗ 1. 17 |
| | ✗ 2. 31 |
| | ✗ 3. 28 |
| | ✓ 4. 12 |

| | |
|---|---|
| Q.30 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ 1. ZWC |
| | ✓ 2. BYG |
| | ✗ 3. HEK |
| | ✗ 4. QNT |

Adda247

| | |
|---|---|
| Q.31 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br>'P + Q' का अर्थ है कि 'P, Q की माता है',<br>'P – Q' का अर्थ है कि 'P, Q की बहन है',<br>'P x Q' का अर्थ है कि 'P, Q की पत्नी है' और<br>'P ÷ Q' का अर्थ है कि 'P, Q का पिता है'।<br><br>यदि 'T x B ÷ C + E – Z' है, तो T का E से क्या संबंध है? |
| Ans | ✗ 1. माता की बहन |
| | ✓ 2. पुत्री की पुत्री |
| | ✗ 3. पति की बहन |
| | ✗ 4. पुत्री |

| | |
|---|---|
| Q.32 | निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा, # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो जाए?<br><br># : HKL :: DGH : % |
| Ans | ✗ 1. # = FIJ, % = FHK |
| | ✗ 2. # = FII, % = EHI |
| | ✗ 3. # = FKL, % = FIJ |
| | ✓ 4. # = FIJ, % = FIJ |

| | |
|---|---|
| Q.33 | A, B, C, D और E उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। B के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C और D पंक्ति के दो छोरों पर बैठे हैं। E, D के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।<br>B के ठीक दाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है? |
| Ans | ✗ 1. C |
| | ✗ 2. E |
| | ✓ 3. A |
| | ✗ 4. D |

| | |
|---|---|
| Q.34 | निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा, # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो जाए?<br><br># : JMU :: CRM : % |
| Ans | ✔ 1. # = HKS, % = ETO |
| | ✘ 2. # = ILS, % = DTO |
| | ✘ 3. # = HKT, % = ESN |
| | ✘ 4. # = HLS, % = ETN |

| | |
|---|---|
| Q.35 | HY 18 किसी निश्चित तरीके से JV 4 से संबंधित है। GL 29 उसी तरीके से II 15 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, EL 9 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है? |
| Ans | ✔ 1. GI −5 |
| | ✘ 2. GH −7 |
| | ✘ 3. FI −7 |
| | ✘ 4. FH −5 |

| | |
|---|---|
| Q.36 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>20 40 60 80 100 ? |
| Ans | ✔ 1. 120 |
| | ✘ 2. 115 |
| | ✘ 3. 125 |
| | ✘ 4. 110 |

| | |
|---|---|
| Q.37 | निम्नलिखित अक्षर-श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br>(बाएं) V X Y T R E S I C B J A N A Q F K H Q U G (दाएं)<br>ऐसे कितने व्यंजन हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में भी एक स्वर है? |
| Ans | ✔ 1. दो |
| | ✘ 2. तीन |
| | ✘ 3. एक भी नहीं |
| | ✘ 4. एक |

| | |
|---|---|
| Q.38 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✘ 1. KTC |
| | ✘ 2. PYH |
| | ✔ 3. RAW |
| | ✘ 4. UDM |

| | |
|---|---|
| Q.39 | यदि संख्या 34653827 में प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे? |
| Ans | ✘ 1. एक भी नहीं |
| | ✘ 2. एक |
| | ✔ 3. तीन |
| | ✘ 4. दो |

Adda247

| | |
|---|---|
| Q.40 | 3 एक निश्चित तर्क के अनुसार 10 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार 5, 108 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार, 7 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?<br><br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए- 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।) |
| Ans | ✔ 1. 326 |
| | ✘ 2. 328 |
| | ✘ 3. 324 |
| | ✘ 4. 322 |

Section : **General English and Comprehension**

| | |
|---|---|
| Q.41 | Select the most appropriate synonym of the given word.<br><br>Vale |
| Ans | ✔ 1. Valley |
| | ✘ 2. Summit |
| | ✘ 3. Plateau |
| | ✘ 4. Pinnacle |

| | |
|---|---|
| Q.42 | Select the most appropriate option to fill in the blank.<br>She was tired __ she took rest. |
| Ans | ✔ 1. therefore |
| | ✘ 2. otherwise |
| | ✘ 3. yet |
| | ✘ 4. because |

Adda247

| | |
|---|---|
| Q.43 | Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.<br><br>A person who can use both hands with equal skill |
| Ans | ✗ 1. Maladroit |
| | ✗ 2. Clumsy |
| | ✗ 3. Inept |
| | ✓ 4. Ambidextrous |

| | |
|---|---|
| Q.44 | Select the most appropriate option to fill in the blank.<br><br>He _____ decided not to talk to strangers. |
| Ans | ✗ 1. gracefully |
| | ✓ 2. wisely |
| | ✗ 3. gloomily |
| | ✗ 4. merrily |

| | |
|---|---|
| Q.45 | Select the most appropriate meaning of the given idiom.<br>A clean slate |
| Ans | ✗ 1. A list of things that need to be cleaned up |
| | ✗ 2. A clever plan that erases all problems instantly |
| | ✗ 3. A situation where someone makes the same mistake again |
| | ✓ 4. A fresh start without considering past mistakes or events |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| | **Comprehension:** |
| | Read the given passage and answer the questions that follow.<br><br>One 2002 study of more than 800 nuns in the United States found that frequently participating in cognitively stimulating activities reduced their risk of Alzheimer's disease. A more recent study of older adults in Japan found participation in meaningful activities could protect against declines in memory function. Meanwhile, other research has found that people who received an intervention of cognitively stimulating activities, typically in a social setting, saw improvements in cognition, mood, communication and social interaction.<br>Gardening appears to have specific cognitive benefits. For one thing, gardeners seem to experience gains in the nerve levels of brain-derived neurotrophic factor (BDNF), a protein that plays an important role in the growth and survival of neurons. They also receive boosts to their vascular endothelial growth factor (VEGF), a protein associated with improving cognitive functioning. Gardening has also been shown to improve attention, lessen stress, reduce falls and lower reliance on medications. |
| | **SubQuestion No : 46** |
| **Q.46** | **Select the most appropriate title for the passage.** |
| **Ans** | ✔ 1. How to Boost Brain Health |
| | ✘ 2. How to Reduce Appetite and Weight |
| | ✘ 3. How to Strengthen Memory and Focus |
| | ✘ 4. How to Prevent Alzheimer's |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| | **Comprehension:** |
| | Read the given passage and answer the questions that follow.<br><br>One 2002 study of more than 800 nuns in the United States found that frequently participating in cognitively stimulating activities reduced their risk of Alzheimer's disease. A more recent study of older adults in Japan found participation in meaningful activities could protect against declines in memory function. Meanwhile, other research has found that people who received an intervention of cognitively stimulating activities, typically in a social setting, saw improvements in cognition, mood, communication and social interaction.<br>Gardening appears to have specific cognitive benefits. For one thing, gardeners seem to experience gains in the nerve levels of brain-derived neurotrophic factor (BDNF), a protein that plays an important role in the growth and survival of neurons. They also receive boosts to their vascular endothelial growth factor (VEGF), a protein associated with improving cognitive functioning. Gardening has also been shown to improve attention, lessen stress, reduce falls and lower reliance on medications. |

| | |
|---|---|
| | **SubQuestion No : 47** |
| **Q.47** | **What benefit is gardening associated with, according to the passage?** |
| **Ans** | ✔ 1. Attention improving with gardening |
| | ✗ 2. Coordination suffering with exercise |
| | ✗ 3. Social skills weakening outside |
| | ✗ 4. Memory worsening from plants |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| | **Comprehension:** |
| | Read the given passage and answer the questions that follow.<br><br>One 2002 study of more than 800 nuns in the United States found that frequently participating in cognitively stimulating activities reduced their risk of Alzheimer's disease. A more recent study of older adults in Japan found participation in meaningful activities could protect against declines in memory function. Meanwhile, other research has found that people who received an intervention of cognitively stimulating activities, typically in a social setting, saw improvements in cognition, mood, communication and social interaction.<br>Gardening appears to have specific cognitive benefits. For one thing, gardeners seem to experience gains in the nerve levels of brain-derived neurotrophic factor (BDNF), a protein that plays an important role in the growth and survival of neurons. They also receive boosts to their vascular endothelial growth factor (VEGF), a protein associated with improving cognitive functioning. Gardening has also been shown to improve attention, lessen stress, reduce falls and lower reliance on medications. |
| | **SubQuestion No : 48** |
| **Q.48** | **What is the tone of the speaker?** |
| **Ans** | ✔ 1. Optimistic |
| | ✗ 2. Apologetic |
| | ✗ 3. Cynical |
| | ✗ 4. Jovial |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| | **Comprehension:** |
| | Read the given passage and answer the questions that follow.<br><br>One 2002 study of more than 800 nuns in the United States found that frequently participating in cognitively stimulating activities reduced their risk of Alzheimer's disease. A more recent study of older adults in Japan found participation in meaningful activities could protect against declines in memory function. Meanwhile, other research has found that people who received an intervention of cognitively stimulating activities, typically in a social setting, saw improvements in cognition, mood, communication and social interaction.<br>Gardening appears to have specific cognitive benefits. For one thing, gardeners seem to experience gains in the nerve levels of brain-derived neurotrophic factor (BDNF), a protein that plays an important role in the growth and survival of neurons. They also receive boosts to their vascular endothelial growth factor (VEGF), a protein associated with improving cognitive functioning. Gardening has also been shown to improve attention, lessen stress, reduce falls and lower reliance on medications. |
| | **SubQuestion No : 49** |
| **Q.49** | **What did the 2002 study conclude as per the passage?** |
| **Ans** | ✗ 1. Gardening increased the BDNF levels. |
| | ✓ 2. Stimulating activities reduced the risk of Alzheimer's disease. |
| | ✗ 3. Japan found memory improvement. |
| | ✗ 4. Social settings improved communication. |

Adda247

| | |
|---|---|
| | **Comprehension:** |
| | Read the given passage and answer the questions that follow.<br><br>One 2002 study of more than 800 nuns in the United States found that frequently participating in cognitively stimulating activities reduced their risk of Alzheimer’s disease. A more recent study of older adults in Japan found participation in meaningful activities could protect against declines in memory function. Meanwhile, other research has found that people who received an intervention of cognitively stimulating activities, typically in a social setting, saw improvements in cognition, mood, communication and social interaction.<br>Gardening appears to have specific cognitive benefits. For one thing, gardeners seem to experience gains in the nerve levels of brain-derived neurotrophic factor (BDNF), a protein that plays an important role in the growth and survival of neurons. They also receive boosts to their vascular endothelial growth factor (VEGF), a protein associated with improving cognitive functioning. Gardening has also been shown to improve attention, lessen stress, reduce falls and lower reliance on medications. |

| | |
|---|---|
| | **SubQuestion No : 50** |
| **Q.50** | **Identify the most appropriate word given in the passage which is an ANTONYM of 'independence'.** |
| **Ans** | ✗ 1. intervention |
| | ✓ 2. reliance |
| | ✗ 3. participation |
| | ✗ 4. cognition |

Adda247

Section : **General Hindi and Comprehension**

| | |
|---|---|
| Q.51 | 'एक आँख से देखना' मुहावरा का सही अर्थ है - |
| Ans | ✔ 1. समान दृष्टि से देखना |
| | ✗ 2. चालबाजी की दृष्टि से देखना |
| | ✗ 3. भेद-भाव की दृष्टि से देखना। |
| | ✗ 4. शिकार की दृष्टि से देखना |

| | |
|---|---|
| Q.52 | मुहावरे के सही अर्थ का चयन करें-<br>'दाँत गिनना' |
| Ans | ✗ 1. हार मानना |
| | ✔ 2. उम्र बताना |
| | ✗ 3. बुरे दिन आना |
| | ✗ 4. पस्त करना |

| | |
|---|---|
| Q.53 | 'तामसिक' का विलोम शब्द होगा - |
| Ans | ✗ 1. सत्यानन्द |
| | ✗ 2. सत्व |
| | ✗ 3. सत्यवंत |
| | ✔ 4. सात्त्विक |

| | |
|---|---|
| Q.54 | निम्न में से 'रात्रि' का पर्यायवाची कौन-सा नहीं है ? |
| Ans | ✗ 1. क्षणदा |
| | ✗ 2. त्रियामा |
| | ✔ 3. तड़ित |
| | ✗ 4. शर्वरी |

| | |
|---|---|
| Q.55 | दिए गए वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त शब्द चुनें।<br>वह सजा ........... के लायक है। |
| Ans | ✗ 1. नाल |
| | ✗ 2. गिरने |
| | ✔ 3. पाने |
| | ✗ 4. होने |

| | Comprehension: |
|---|---|
| | दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए--<br>संसदीय प्रजातंत्र में सदन के दो पक्ष होते हैं। एक सत्ता पक्ष जो सरकार का निर्माण करता है तथा दूसरा विपक्ष जो सत्ता के संचालन को संतुलित एवं नियंत्रित करता है। सरकार का काम शासन चलाना होता है और विपक्ष का कार्य सरकार की नीतियों की आलोचना एवं वैकल्पिक नीतियाँ प्रस्तुत करना होता है। विपक्ष के कारण ही सरकार मनमानी कर नागरिक स्वतंत्रता का हनन नहीं कर पाती। विपक्षी दल आलोचना करने के लिए निम्न साधनों का प्रयोग करते हैं-- प्रश्नोत्तर, अल्पकालीन चर्चा, स्थगन प्रस्ताव, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, विशेषाधिकार का प्रश्न, सदन का अवमान, अविश्वास प्रस्ताव, निंदा प्रस्ताव आदि। विपक्ष द्वारा समय-समय पर की गयी आलोचना से जनता को सरकार की नीतियों व उसके कृत्यों का अनौचित्य अवश्य मालूम होता रहता है। विपक्ष के सतर्क रहने का परिणाम यह होता है कि शासन जनमत के प्रति जागरुक बना रहता है। |

| | SubQuestion No : 56 |
|---|---|
| Q.56 | **विपक्ष के सतर्क रहने का एक परिणाम यह भी है--** |
| Ans | ✗ 1. सरकार अपनी नीतियाँ लागू नहीं कर पाती |
| | ✓ 2. शासन जनमत के प्रति जागरूक रहता है |
| | ✗ 3. शासन जनता के विरुद्ध कार्य करता है |
| | ✗ 4. सरकार सत्ता नहीं चला पाती |

| | |
|---|---|
| | Comprehension: |
| | दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए--<br>संसदीय प्रजातंत्र में सदन के दो पक्ष होते हैं। एक सत्ता पक्ष जो सरकार का निर्माण करता है तथा दूसरा विपक्ष जो सत्ता के संचालन को संतुलित एवं नियंत्रित करता है। सरकार का काम शासन चलाना होता है और विपक्ष का कार्य सरकार की नीतियों की आलोचना एवं वैकल्पिक नीतियाँ प्रस्तुत करना होता है। विपक्ष के कारण ही सरकार मनमानी कर नागरिक स्वतंत्रता का हनन नहीं कर पाती। विपक्षी दल आलोचना करने के लिए निम्न साधनों का प्रयोग करते हैं-- प्रश्नोत्तर, अल्पकालीन चर्चा, स्थगन प्रस्ताव, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, विशेषाधिकार का प्रश्न, सदन का अवमान, अविश्वास प्रस्ताव, निंदा प्रस्ताव आदि। विपक्ष द्वारा समय-समय पर की गयी आलोचना से जनता को सरकार की नीतियों व उसके कृत्यों का अनौचित्य अवश्य मालूम होता रहता है। विपक्ष के सतर्क रहने का परिणाम यह होता है कि शासन जनमत के प्रति जागरुक बना रहता है। |
| | SubQuestion No : 57 |
| Q.57 | **सत्ता पक्ष की आलोचना करने के लिए विपक्षी दल निम्न में से किस साधन का प्रयोग नहीं करता--** |
| Ans | ✗ 1. प्रश्नोत्तर |
| | ✓ 2. हड़ताल |
| | ✗ 3. अविश्वास प्रस्ताव |
| | ✗ 4. स्थगन प्रस्ताव |

| | |
|---|---|
| | Comprehension: |
| | दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए--<br>संसदीय प्रजातंत्र में सदन के दो पक्ष होते हैं। एक सत्ता पक्ष जो सरकार का निर्माण करता है तथा दूसरा विपक्ष जो सत्ता के संचालन को संतुलित एवं नियंत्रित करता है। सरकार का काम शासन चलाना होता है और विपक्ष का कार्य सरकार की नीतियों की आलोचना एवं वैकल्पिक नीतियाँ प्रस्तुत करना होता है। विपक्ष के कारण ही सरकार मनमानी कर नागरिक स्वतंत्रता का हनन नहीं कर पाती। विपक्षी दल आलोचना करने के लिए निम्न साधनों का प्रयोग करते हैं-- प्रश्नोत्तर, अल्पकालीन चर्चा, स्थगन प्रस्ताव, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, विशेषाधिकार का प्रश्न, सदन का अवमान, अविश्वास प्रस्ताव, निंदा प्रस्ताव आदि। विपक्ष द्वारा समय-समय पर की गयी आलोचना से जनता को सरकार की नीतियों व उसके कृत्यों का अनौचित्य अवश्य मालूम होता रहता है। विपक्ष के सतर्क रहने का परिणाम यह होता है कि शासन जनमत के प्रति जागरुक बना रहता है। |
| | SubQuestion No : 58 |
| Q.58 | **निम्न में से आलोचना का विलोम शब्द है--** |
| Ans | ✗ 1. अस्वीकृति |
| | ✗ 2. निंदा |
| | ✓ 3. प्रशंसा |
| | ✗ 4. समीक्षा |

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| | Comprehension: |
| | दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए--<br>संसदीय प्रजातंत्र में सदन के दो पक्ष होते हैं। एक सत्ता पक्ष जो सरकार का निर्माण करता है तथा दूसरा विपक्ष जो सत्ता के संचालन को संतुलित एवं नियंत्रित करता है। सरकार का काम शासन चलाना होता है और विपक्ष का कार्य सरकार की नीतियों की आलोचना एवं वैकल्पिक नीतियाँ प्रस्तुत करना होता है। विपक्ष के कारण ही सरकार मनमानी कर नागरिक स्वतंत्रता का हनन नहीं कर पाती। विपक्षी दल आलोचना करने के लिए निम्न साधनों का प्रयोग करते हैं-- प्रश्नोत्तर, अल्पकालीन चर्चा, स्थगन प्रस्ताव, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, विशेषाधिकार का प्रश्न, सदन का अवमान, अविश्वास प्रस्ताव, निंदा प्रस्ताव आदि। विपक्ष द्वारा समय-समय पर की गयी आलोचना से जनता को सरकार की नीतियों व उसके कृत्यों का अनौचित्य अवश्य मालूम होता रहता है। विपक्ष के सतर्क रहने का परिणाम यह होता है कि शासन जनमत के प्रति जागरुक बना रहता है। |

| | |
|---|---|
| | SubQuestion No : 59 |
| Q.59 | **निम्न में से 'बहुमत' का विलोम है--** |
| Ans | ✗ 1. लोकमत |
| | ✓ 2. अल्पमत |
| | ✗ 3. जनमत |
| | ✗ 4. एकमत |


| | |
|---|---|
| | Comprehension: |
| | दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए--<br>संसदीय प्रजातंत्र में सदन के दो पक्ष होते हैं। एक सत्ता पक्ष जो सरकार का निर्माण करता है तथा दूसरा विपक्ष जो सत्ता के संचालन को संतुलित एवं नियंत्रित करता है। सरकार का काम शासन चलाना होता है और विपक्ष का कार्य सरकार की नीतियों की आलोचना एवं वैकल्पिक नीतियाँ प्रस्तुत करना होता है। विपक्ष के कारण ही सरकार मनमानी कर नागरिक स्वतंत्रता का हनन नहीं कर पाती। विपक्षी दल आलोचना करने के लिए निम्न साधनों का प्रयोग करते हैं-- प्रश्नोत्तर, अल्पकालीन चर्चा, स्थगन प्रस्ताव, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, विशेषाधिकार का प्रश्न, सदन का अवमान, अविश्वास प्रस्ताव, निंदा प्रस्ताव आदि। विपक्ष द्वारा समय-समय पर की गयी आलोचना से जनता को सरकार की नीतियों व उसके कृत्यों का अनौचित्य अवश्य मालूम होता रहता है। विपक्ष के सतर्क रहने का परिणाम यह होता है कि शासन जनमत के प्रति जागरुक बना रहता है। |


| | |
|---|---|
| | SubQuestion No : 60 |
| Q.60 | **संसदीय प्रजातंत्र में विपक्ष का क्या कार्य होता है?** |
| Ans | ✗ 1. सत्ता संचालन में सहयोग करना |
| | ✓ 2. सत्ता संचालन को नियंत्रित करना |
| | ✗ 3. वैकल्पिक सरकार चलाना |
| | ✗ 4. सत्ता चलाना |

Section : **Basic Knowledge of Computer**

Adda247 GET IT ON Google Play

| Q.61 | ईमेल क्लाइंट (email client) में एड्रेस बुक का प्राथमिक कार्य क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. अपॉइंटमेंट शेड्यूल करना |
| | ✗ 2. स्पैम ईमेल फ़िल्टर करना |
| | ✓ 3. संपर्क जानकारी प्रबंधित और संग्रहीत करना |
| | ✗ 4. ईमेल ड्राफ्ट संग्रहीत करना |

| Q.62 | टास्क मैनेजर (Task Manager) ओपन करने के लिए निम्नलिखित में से किस कीबोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. Ctrl + Shift + Tab |
| | ✗ 2. Ctrl + Shift + Enter |
| | ✗ 3. Ctrl + Shift + Alt |
| | ✓ 4. Ctrl + Shift + Esc |

| Q.63 | किसी यूज़र को बड़ी संख्या में लोगों को ईमेल भेजने से पहले क्या करना चाहिए? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. ईमेल को बड़े अक्षरों में लिखना |
| | ✗ 2. 'To' फील्ड में सभी प्राप्तकर्ताओं को शामिल करना |
| | ✓ 3. वर्तनी और व्याकरण संबंधी त्रुटियों की जाँच करना |
| | ✗ 4. 'Reply All' फीचर का उपयोग करना |

| Q.64 | ईमेल सिस्टम के संदर्भ में, निम्नलिखित में से किस विकल्प द्वारा यह सर्वोत्तम रूप से वर्णित किया गया है कि कोई ईमेल, प्राप्तकर्ता को भेजे जाने के बजाय आउटबॉक्स में क्यों रह सकता है? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. ईमेल क्लाइंट ऑफ़लाइन मोड में कार्य करने के लिए सेट है। |
| | ✗ 2. प्राप्तकर्ता का ईमेल एड्रेस अमान्य है और उस तक पहुँचा नहीं जा सकता। |
| | ✗ 3. ईमेल में बड़े अटैचमेंट हैं जो सर्वर की सीमा से अधिक हैं। |
| | ✗ 4. ईमेल सर्वर, प्राप्तकर्ता के ईमेल सर्वर के साथ कनेक्शन स्थापित करने में विफल हो गया। |

| Q.65 | Gmail में लेबल का उपयोग करने का उद्देश्य क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. अवांछित ईमेल डिलीट करना |
| | ✗ 2. कीवर्ड के अनुसार ईमेल सर्च करना |
| | ✗ 3. अत्यावश्यक ईमेल को प्राथमिकता के आधार पर रखना |
| | ✓ 4. प्रेषक के अनुसार ईमेल व्यवस्थित करना |

| | |
|---|---|
| Q.66 | मान लीजिए कि किसी उपयोगकर्ता के पास एमएस एक्सेल 2019 में, MM/DD/YYYY प्रारूप में दिनांकों वाला डेटासेट (dataset) है। वे दिनांक कॉलम से वर्ष निकालना चाहते हैं। वे किस फ़ॉर्मूले का उपयोग करेंगे? |
| Ans | ✗ 1. =INT(A1/10000) |
| | ✗ 2. =DATE(YEAR(A1),1,1) |
| | ✗ 3. =TEXT(A1,"YYYY") |
| | ✓ 4. =YEAR(A1) |

| | |
|---|---|
| Q.67 | एक प्रोग्राम जो उच्च स्तरीय भाषा के प्रोग्राम को अनुदेशों के एक सेट में कन्वर्ट करता है जिसे कंप्यूटर पर रन किया जा सकता है, उसे _________ कहा जाता है। |
| Ans | ✗ 1. डीबगर (debugger) |
| | ✓ 2. कंपाइलर (compiler) |
| | ✗ 3. असेंबलर (assembler) |
| | ✗ 4. लोडर (loader) |

| | |
|---|---|
| Q.68 | किसी PC को सुरक्षित करने के लिए अनुशंसित पद्धति निम्नलिखित में से कौन-सी नहीं है? |
| Ans | ✗ 1. स्वचालित सॉफ़्टवेयर अपडेट इनेबल करना |
| | ✗ 2. प्रतिष्ठित एंटीवायरस सॉफ़्टवेयर इंस्टॉल करना |
| | ✗ 3. स्ट्रॉन्ग, अद्वितीय पासवर्ड का उपयोग करना |
| | ✓ 4. फ़ायरवॉल प्रोटेक्शन को डिसेबल करना |

| | |
|---|---|
| Q.69 | एमएस वर्ड में, पेज लेआउट के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सी मार्जिन सेटिंग मौजूद नहीं है? |
| Ans | ✗ 1. Narrow |
| | ✗ 2. Wide |
| | ✓ 3. Horizontal |
| | ✗ 4. Normal |

| | |
|---|---|
| Q.70 | एमएस वर्ड में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सामान्य फॉन्ट स्टाइल विकल्प नहीं है? |
| Ans | ✗ 1. Underline |
| | ✓ 2. Subscript |
| | ✗ 3. Italic |
| | ✗ 4. Bold |

| | |
|---|---|
| Q.71 | एमएस एक्सेल में एक नई स्प्रेडशीट आरंभ (start) करने के लिए निम्नलिखित में से किस चरण का उपयोग किया जाता है? |
| Ans | ✔ 1. Excel ओपन करें -> Ctrl + N प्रेस करें |
| | ✘ 2. Excel ओपन करें -> Ctrl + O प्रेस करें |
| | ✘ 3. Excel ओपन करें -> Ctrl + Z प्रेस करें |
| | ✘ 4. Excel ओपन करें -> Ctrl + S प्रेस करें |

| | |
|---|---|
| Q.72 | एमएस वर्ड में, फॉन्ट कलर कैसे बदला जाता है? |
| Ans | ✘ 1. Design टैब पर जाएँ → Font Color सेलेक्ट करें |
| | ✘ 2. टेक्स्ट सेलेक्ट करें → Insert टैब पर जाएँ → Font Color चुनें |
| | ✘ 3. टेक्स्ट पर राइट-क्लिक करें → कॉन्टेक्स्ट मेनू से Font Color चुनें |
| | ✔ 4. टेक्स्ट सेलेक्ट करें → Home टैब पर जाएँ → Font ग्रुप में Font Color बटन पर क्लिक करें |

| | |
|---|---|
| Q.73 | विंडोज में, 'Alt + Tab' की-बोर्ड शॉर्टकट का प्राथमिक कार्य क्या है? |
| Ans | ✘ 1. कंप्यूटर को अनलॉक करना |
| | ✘ 2. कंप्यूटर को लॉक करना |
| | ✔ 3. खुले एप्लिकेशनों के बीच स्विच करना |
| | ✘ 4. चयनित आइटम को डिलीट करना |

| | |
|---|---|
| Q.74 | यदि एंटीवायरस स्कैन द्वारा कंप्यूटर पर इन्फेक्टेड फ़ाइलों का पता लगाया जाता है, तो निम्न में से कौन-सी कार्रवाई की जानी चाहिए? |
| Ans | ✘ 1. इन्फेक्टेड फ़ाइलों की उपेक्षा करें। |
| | ✔ 2. इन्फेक्टेड फ़ाइलों को क्वारंटाइन करें या रिमूव करें। |
| | ✘ 3. एंटीवायरस सॉफ़्टवेयर डिलीट करें। |
| | ✘ 4. कंप्यूटर को रीस्टार्ट करें। |

| | |
|---|---|
| Q.75 | एमएस पावरपॉइंट में स्लाइड शो (slide show) को शुरू से स्टार्ट करने के लिए किस कीबोर्ड शॉर्टकट का उपयोग करना चाहिए? |
| Ans | ✘ 1. Ctrl + P |
| | ✘ 2. Alt + S |
| | ✘ 3. Shift + S |
| | ✔ 4. F5 |

| | |
|---|---|
| Q.76 | निम्नलिखित में से किस चरणों का उपयोग करते हुए आप MS Excel स्प्रेडशीट को MS PowerPoint प्रेजेंटेशन में जोड़ सकते हैं? |
| Ans | ✗ 1. Home -> Insert -> Excel Spreadsheet |
| | ✗ 2. View -> Insert -> Excel |
| | ✓ 3. Insert -> Object -> Create from File -> Select Excel file |
| | ✗ 4. Design -> Insert -> Excel Spreadsheet |

| | |
|---|---|
| Q.77 | Windows OS पर एक नया सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन इंस्टॉल करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा क्रम सही है? |
| Ans | ✗ 1. Device Manager को ओपन करें > Install Software को सेलेक्ट करें > ऑन-स्क्रीन निर्देशों का पालन करें |
| | ✗ 2. Control Panel को ओपन करें > Hardware को ऐड (Add) करें > ऑन-स्क्रीन निर्देशों का पालन करें |
| | ✓ 3. सॉफ़्टवेयर इंस्टॉलर डाउनलोड करें > इंस्टॉलर को रन करें > ऑन-स्क्रीन निर्देशों का पालन करें |
| | ✗ 4. इंस्टॉलेशन CD को इन्सर्ट करें > Task Manager को ओपन करें > Software को इंस्टॉल करें |

| | |
|---|---|
| Q.78 | ईमेल कॉन्फ़िगरेशन में, SMTP का पूर्ण रूप क्या है? |
| Ans | ✗ 1. Simple Message Transfer Protocol (सिंपल मैसेज ट्रांसफ़र प्रोटोकॉल) |
| | ✗ 2. Secure Mail Transfer Protocol (सिक्योर मेल ट्रांसफ़र प्रोटोकॉल) |
| | ✗ 3. Standard Mail Transfer Protocol (स्टैंडर्ड मेल ट्रांसफ़र प्रोटोकॉल) |
| | ✓ 4. Simple Mail Transfer Protocol (सिंपल मेल ट्रांसफ़र प्रोटोकॉल) |

| | |
|---|---|
| Q.79 | एमएस वर्ड में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक मान्य बुलेट स्टाइलनहीं है? |
| Ans | ✗ 1. स्टार (Star) |
| | ✗ 2. डॉट (Dot) |
| | ✓ 3. ट्रायंगल (Triangle) |
| | ✗ 4. स्क्वायर (Square) |

| | |
|---|---|
| Q.80 | किसी डाक्यूमेंट को पहली बार सेव करते समय, MS वर्ड उसे किस डिफ़ॉल्ट लोकेशन पर सेव करता है? |
| Ans | ✗ 1. अंतिम बार उपयोग किए गए फ़ोल्डर में |
| | ✓ 2. 'Documents' फ़ोल्डर में या MS वर्ड विकल्पों में सेट की गयी डिफ़ॉल्ट सेव लोकेशन पर |
| | ✗ 3. रूट डायरेक्ट्री (root directory) में |
| | ✗ 4. डेस्कटॉप पर |

Section : **Quantitative Aptitude**

| | |
|---|---|
| Q.81 | एक मालगाड़ी और एक सुपरफास्ट ट्रेन क्रमशः स्टेशन A और स्टेशन B से समानांतर पटरियों पर एक ही समय पर एक-दूसरे की तरफ चलना शुरू करती हैं। यदि स्टेशन A और स्टेशन B के बीच की दूरी 172 km है और ट्रेनें क्रमशः 82 km/hr और 90 km/hr की चाल से चल रही हैं, तो ट्रेनें, स्टेशन B से कितनी दूरी (km में) पर मिलेंगी? |
| Ans | ✗ 1. 109 |
| | ✗ 2. 80 |
| | ✓ 3. 90 |
| | ✗ 4. 104 |

| | |
|---|---|
| Q.82 | ₹1,100 मूल्य वाली एक वस्तु 5% की छूट पर बेची गई, फिर भी विक्रेता को 4.5% का लाभ हुआ। इसके लिए विक्रेता द्वारा किया गया भुगतान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. ₹500 |
| | ✗ 2. ₹250 |
| | ✗ 3. ₹400 |
| | ✓ 4. ₹1,000 |

| | |
|---|---|
| Q.83 | दो पाइप X और Y किसी टंकी को क्रमशः 21 घंटे और 24 घंटे में भर सकते हैं। दोनों पाइपों को एक साथ खोला जाता है, और पाया जाता है कि तल में रिसाव के कारण टंकी को भरने में 48 मिनट अधिक लगते हैं। जब टंकी पूरी तरह से भर गई हो, और कोई पाइप खुला न हो, तो रिसाव के कारण टंकी को खाली होने में कितना समय लगेगा? |
| Ans | ✓ 1. 168 घंटे |
| | ✗ 2. 120 घंटे |
| | ✗ 3. 130 घंटे |
| | ✗ 4. 144 घंटे |

| | |
|---|---|
| Q.84 | A और B की वर्तमान आयु का अनुपात 4 : 9 है। B, C से 12 वर्ष छोटा है। 7 वर्ष बाद C की आयु 73 वर्ष होगी। B के पिता की वर्तमान आयु (वर्षों में) कितनी है, जो A से 55 वर्ष बड़े हैं? |
| Ans | ✗ 1. 65 |
| | ✗ 2. 69 |
| | ✗ 3. 75 |
| | ✓ 4. 79 |

Adda247

| | |
|---|---|
| Q.85 | यदि x का 4% = 228 है, तो x का मान कितना होगा? |
| Ans | ✗ 1. 11400 |
| | ✗ 2. 11500 |
| | ✗ 3. 5800 |
| | ✓ 4. 5700 |

| | |
|---|---|
| Q.86 | नितिन ने दो वस्तुओं, प्रत्येक को ₹5,169 में बेचा, जिसमें पूरे सौदे में न तो कोई लाभ हुआ और न ही कोई हानि हुई। यदि एक वस्तु को 50% के लाभ पर बेचा गया, तो दूसरी वस्तु को ________ की हानि पर बेचा गया। |
| Ans | ✓ 1. 25% |
| | ✗ 2. 24% |
| | ✗ 3. 22% |
| | ✗ 4. 26% |

| | |
|---|---|
| Q.87 | एक व्यक्ति ₹600 में एक मोबाइल फोन बेचता है, जिससे उसे कुछ धन की हानि होती है। यदि उसने इसे ₹1120 में बेचा होता तो, उसका लाभ उसे पहले होने वाली हानि का 3 गुना होता। मोबाइल फोन का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✓ 1. 730 |
| | ✗ 2. 760 |
| | ✗ 3. 750 |
| | ✗ 4. 710 |

| | |
|---|---|
| Q.88 | अलग-अलग काम करते हुए, दो पाइप एक टैंक को 18 मिनट और 36 मिनट में भर सकते हैं। यदि दोनों पाइप एक साथ खोले जाएँ, तो टैंक को भरने में कितना समय लगेगा? |
| Ans | ✗ 1. 684 सेकंड |
| | ✗ 2. 756 सेकंड |
| | ✓ 3. 720 सेकंड |
| | ✗ 4. 696 सेकंड |

| | |
|---|---|
| Q.89 | 40.5 – 6.3 ÷ 1.2 of 4.5 × 0.9 का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✓ 1. 39.45 |
| | ✗ 2. 5.7 |
| | ✗ 3. 39.25 |
| | ✗ 4. 19.2375 |

| | |
|---|---|
| Q.90 | एक व्यक्ति अपनी आय का p% बचत करता है। यदि उसकी आय 28% बढ़ जाती है और उसका व्यय 20% बढ़ जाता है, तो उसकी बचत 40% बढ़ जाती है। p का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 38 |
| | ✗ 2. 30 |
| | ✓ 3. 40 |
| | ✗ 4. 34 |

| | |
|---|---|
| Q.91 | $\sqrt{294}+\sqrt{24}+\sqrt{486}-\sqrt{294}$ को सरल कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. $14\sqrt{6}$ |
| | ✓ 2. $11\sqrt{6}$ |
| | ✗ 3. $9\sqrt{6}$ |
| | ✗ 4. $10\sqrt{6}$ |

| | |
|---|---|
| Q.92 | रमा ने 12 kg संतरे ₹80/kg दर से, 18 kg संतरे ₹60/kg दर से, 20 kg संतरे ₹39/kg दर से और 10 kg संतरे ₹30/kg की दर से खरीदे। सभी संतरों का प्रति kg औसत मूल्य ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✓ 1. ₹52 |
| | ✗ 2. ₹48 |
| | ✗ 3. ₹58 |
| | ✗ 4. ₹54 |

| | |
|---|---|
| Q.93 | एक वस्तु को अंकित मूल्य के $\frac{3}{5}$ मूल्य पर बेचने पर, 25% की हानि होती है। वस्तु के अंकित मूल्य और क्रय मूल्य के बीच का अनुपात कितना है? |
| Ans | ✗ 1. 5 : 7 |
| | ✗ 2. 7 : 4 |
| | ✓ 3. 5 : 4 |
| | ✗ 4. 3 : 5 |

| | |
|---|---|
| Q.94 | 2019 में अमित की आय ₹23,600 थी। उसे हर साल 20% की वेतन वृद्धि मिलती है। 2021 में उसकी आय (₹ में) क्या थी? |
| Ans | ✗ 1. 28,320 |
| | ✗ 2. 23,600 |
| | ✗ 3. 33,040 |
| | ✓ 4. 33,984 |

Adda247

| | |
|---|---|
| Q.95 | अब से एक वर्ष पहले, A की आयु और B की आयु का अनुपात 6 : 5 था। अब से 4 वर्ष बाद, अनुपात 7 : 6 हो जाता है। B की वर्तमान आयु (वर्षों में) कितनी है? |
| Ans | ✗ 1. 25 |
| | ✗ 2. 27 |
| | ✓ 3. 26 |
| | ✗ 4. 22 |

| | |
|---|---|
| Q.96 | प्रथम 23 प्राकृत संख्याओं का औसत कितना होगा? |
| Ans | ✗ 1. 12.5 |
| | ✓ 2. 12 |
| | ✗ 3. 11.5 |
| | ✗ 4. 13 |

| | |
|---|---|
| Q.97 | निम्नलिखित को सरल कीजिए। $\sqrt{27}+\sqrt{108}+\sqrt{432}-\sqrt{432}$ |
| Ans | ✗ 1. $10\sqrt{3}$ |
| | ✗ 2. $7\sqrt{3}$ |
| | ✓ 3. $9\sqrt{3}$ |
| | ✗ 4. $8\sqrt{3}$ |

| | |
|---|---|
| Q.98 | दो रेलगाड़ियाँ, जिनमें से प्रत्येक की लंबाई 200 m है, क्रमशः 54 km/h और 46 km/h की चाल से विपरीत दिशाओं से आ रही हैं। वे एक-दूसरे को कितने समय (सेकंड में) में पार करेंगी? |
| Ans | ✗ 1. 180 |
| | ✗ 2. 16.4 |
| | ✓ 3. 14.4 |
| | ✗ 4. 160 |

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Q.99 | m का वह मान ज्ञात कीजिए, जो निम्नलिखित समीकरण को संतुष्ट करेगा। $\left(\frac{23}{4}\right)^{12} \times \left(\frac{4}{23}\right)^{14} \times \left(\frac{23}{4}\right)^{20} = \left(\frac{4}{23}\right)^{9m+16}$ |
| Ans | ✔ 1. $-\frac{34}{9}$ |
| | ✗ 2. $-\frac{40}{9}$ |
| | ✗ 3. $-\frac{33}{9}$ |
| | ✗ 4. $-\frac{25}{9}$ |

| | |
|---|---|
| Q.100 | एक चुनाव में केवल 2 उम्मीदवार थे। हारने वाले उम्मीदवार को विजेता उम्मीदवार को मिले मतों का 75% मत प्राप्त हुआ। यदि हारने वाले उम्मीदवार को मिले मत, विजेता उम्मीदवार को मिले मत से 120 कम थे, तो विजेता उम्मीदवार को कुल मतों का कितना प्रतिशत मत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) प्राप्त हुआ? |
| Ans | ✗ 1. 55.28% |
| | ✔ 2. 57.14% |
| | ✗ 3. 56.38% |
| | ✗ 4. 52.24% |

Adda247